समाचार

जनशिकायतों व समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें–आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने ली समयसीमा की बैठक, शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने के दिए निर्देश)

कोरबा 01 जनवरी 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनशिकायतों व समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयसीमा में इनका निराकरण कराएं तथा आमजनता की समस्याओ के प्रति निरंतर संवेदनशील रहें, उन्होने कहा कि जनसुविधा से जुड़े विकास व निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं, स्वच्छता कार्यो पर समस्त मैदानी अमला सतत नजर रखें तथा निगम प्रदत्त विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतरता बनाए रखें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री देव ने आज निगम अधिकारियों की समयसीमा की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री राहुल देव ने समयसीमा की बैठक ली, बैठक के दौरान उन्होने कलेक्टर टी.एल., आयुक्त टी.एल. के प्रकरणों, निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायतों, लोकसेवा गारंटी के तहत प्राप्त प्रकरणों तथा विभिन्न समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी आमजन से प्राप्त पत्रों के निराकरण की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समयसीमा के प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण किया जाए, यह सुनिश्चित करें, इनसे संबंधित विकास व निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराएं, आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें तथा पेयजल, साफ–सफाई, सड़क रोशनी सहित अन्य नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की बेहतरी हेतु निरंतर कार्य करें। आयुक्त श्री देव ने निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों, जलस्त्रोतों के पुनरोद्धार के संबंध में आवश्यक कार्ययोजना त्वरित रूप से तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने शहर में लगे होडिंग, विज्ञापन बोर्ड को सूचीबद्ध कर प्रस्तुत करने, एस.एल.आर.एम.सेंटर में रखे कबाड का उचित समापन कराने, अतिक्रमण पर निरंतर नजर रखने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

साफ–सफाई पर विशेष फोकस–आयुक्त श्री देव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि निगम के स्वच्छता विभाग के अमले के साथ–साथ निगम का सम्पूर्ण मैदानी अमला अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में साफ–सफाई पर सजग नजर रखें तथा जहां कहीं भी सफाई कार्यो में कमी परिलक्षित हो तथा गदंगी दिखे, उसकी तत्काल सूचना संबंधित स्वच्छता विभाग के अधिकारी व निरीक्षक को दें। उन्होने कहा कि नाईट स्वीपिंग की मानीटरिंग हेतु उपअभियंता, राजस्व निरीक्षक आदि की ड्यूटी लगाई गई है, वे नाईट स्वीपिंग की सतत मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि चिन्हांकित क्षेत्रों में नियमित रूप से नाईट स्वीपिंग का कार्य संपादित हो रहा है।

समयसीमा में निराकरण न करने पर शो–काज – आयुक्त श्री देव ने निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि निदान 1100 के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाएगा। निदान

1100 में प्राप्त कुछ शिकायतों का समयसीमा पर निराकरण न किए जाने पर उन्होने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा को शो–काज नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

वार्ड कार्यालयों के कार्यो की समीक्षा– आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम क्षेत्र में स्थापित 11 मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालयों के कामकाज की समीक्षा की तथा वार्ड कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों, शिकायतों व मांग संबंधी प्रकरणों के निराकरण की जोनवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य शिविर योजना के तहत निगम क्षेत्र में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की कार्यप्रगति की भी समीक्षा की तथा शिविरों के सफल संचालन के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, आर.के.भोजासिया, भूषण उरांव, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, राजस्व अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, संजीव बोपापुरकर, राजेश पाण्डेय, विनोद शांडिल्य, एच.आर.बघेल, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, विवेक रिछारिया, आनंद राठौर, जमुना नायक, राहुल मिश्रा, लीलाम्बर यादव आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।